तापमान

अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025




11 विधायक कार्यालय के बाहर धरना जारी


12 लापता श्रमिक की तलाश जारी, नहीं मिला सुराग


### मुरथल विश्वविद्यालय से शुरू की जाएगी दौड़, पुलिस ने तैयार किया रोड मैप

# मैराथन के लिए रूट डायवर्ड, 30 को सुबह चार से दोपहर 12.00 बजे तक कई रोड वाहनों के लिए बंद

- नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करने के लिए हो रही सोनीपत हाफ मैराथन
- मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सैनी हरी झंडी दिखाएंगे
- 5, 10 व 21 किलोमीटर की दौड़ होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत-मुरथल सड़क मार्ग स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में 30 मार्च को होने वाली सोनीपत हाफ मैराथन को लेकर यातायात पुलिस द्वारा रूट प्लान जारी किया है। जिसके चलते कई रूट डायवर्ट किए गए हैं। जिससे मैराथन में प्रतिभागिता करने वाले युवाओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

बता दें कि नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही सोनीपत हाफ मैराथन को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसमें 5, 10 व 21 किलोमीटर की है। मैराथन का विषय ""खेल अपनाएं नशा भगाएं और रन फॉर स्पोर्ट्स रन अगेंस्ट ड्रग्स रहेगा। मैराथन का उद्देश्य राज्य में फिटनेस, एकता व खेल भावना को बढ़ावा देना है।

## मैराथन का मार्ग

मुरथल विश्वविद्यालय से शुरू होकर मुरथल-सोनीपत रोड से अग्रसेन चौक, सेक्टर 14-15, महाराणा प्रताप चौक नजदीक नागरिक अस्पताल, सेक्टर-12, ट्रक यूनियन चौक, दीवान फार्म चौक बहालगढ़ रोड, सेक्टर-7, सोनीपत-वर्धमान गार्डेनिया रेजिडेंशियल सोसाइटी के सामने से अंतिम बिंदु से वापस उसी मार्ग से मुरथल विवि पहुंचेंगी। मैराथन के दौरान आठ स्थानों पर नाके लगाए जाएंगे।

### ऐसा रहेगा रूट प्लान



## प्रतिभागी इन मार्गों से आयोजन स्थल तक पहुंचे

**शहर सोनीपत से आने वाले प्रतिभागी :** गोहाना रोड बाईपास से कुराड बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44, जटवाड़ा से चीनी मिल फ्लाईओवर के रास्ते, सब्जी मंडी चौक से कामी रोड होते हुए, जीवीएम कॉलेज से देवड़ू रोड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44, मुरथल-सोनीपत रोड स्थित सामान्य पार्किंग में अपने वाहन पार्क करके मुरथल विवि गेट नंबर तीन नजदीक सीपेट यूनिवर्सिटी से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचें।

## ऐसे पहुंचें डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी

सेक्टर-15, 12, 13, 16, 5, 6, 7, 8, गांव गढ शहजानपुर, फाजिलपुर, रेवली, शाहपुर तुर्क, रायपुर से ओमेक्स सिटी व सेक्टर-7/8 से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से होते हुए मुरथल-सोनीपत रोड पर स्थित सामान्य पार्किंगों मे अपने वाहन पार्क करके डिक्रस्ट यूनिवर्सिटी मुरथल गेट नंबर-3 नजदीक , सामने सिपेट यूनिवर्सिटी से कार्यक्रम स्थल डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी मुरथल में पहुंचें।

## मुरथल चौक में वाहन पार्क करें

आईटीआई चौक से नरेला रोड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-334बी से नजदीक बहालगढ चौक से राष्ट्रीय हाईवे-44 से होते हुए मुरथल चौक में अपने वाहन पार्क करके गेट नंबर तीन पर पहुंचे।

## इन जगहों से वाहनों के रूट डायवर्ट किए गए

मैराथन के दौरान 30 मार्च को सुबह चार बजे से दोपहर 12.00 बजे तक मैराथन मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसे में वाहनों के रूट डायवर्ट किए जाएंगे। इसलिए सोनीपत आते समय रूट प्लान की जानकारी जरूर लें।

**बहालगढ़ से सोनीपत जाने वाले वाहन :** बहालगढ़ से राष्ट्रीय राजमार्ग -334 बी से होते हुए नरेला-सोनीपत रोड से आईटीआई चौक होते हुए सोनीपत पहुंचें।

**मुरथल से सोनीपत जाने वाले वाहन :** मुरथल से कुराड़ बाईपास, देवड़ू रोड से जीवीएम कन्या महाविद्यालय मुरथल रोड से होते हुए सोनीपत पंहुचें।

**गोहाना से सोनीपत के रास्ते जीटी रोड की तरफ जाने वाले भारी वाहन :** गोहाना रोड बाईपास से कुराड़ बाईपास होते हुए राष्ट्रीय हाईवे-44 से अपने गंतव्य को पंहुचें।

**सोनीपत शहर से दिल्ली जाने वाले वाहन :** आईटीआई चौक से नरेला रोड होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-334 बी व राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से दिल्ली पहुंचें।

**पानीपत, गन्नौर से मैराथन में आने वाले वाहन :** मुरथल चौक राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से मुरथल-सोनीपत रोड पर वाहन पार्क कर गेट नंबर तीन पर पहुंचे।

**सोनीपत से पानीपत जाने वाले वाहन :** गोहाना रोड बाईपास से कुराड़ बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत, जटवाड़ा से चीनी मिल फ्लाईओवर से सोनीपत-कुराड बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत, सब्जी मंडी चौक से कामी रोड होते हुए सोनीपत-कुराड बाईपास होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत और जीवीएम कन्या महाविद्यालय से देवड़ू रोड होते हुए सोनीपत-कुराड बाईपास के रास्ते राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से पानीपत पहुंच सकते हैं।

**सोनीपत से पानीपत जाने वाले वाहन :** - सेक्टर-15, 12, 13, 16, 5, 6, 7, 8, गांव गढ शहजानपुर, फाजिलपुर, रेवली, शाहपुर तुर्क, रायपुर से ओमेक्स सिटी व सेक्टर-7/8 से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से होते हुए मुरथल-सोनीपत रोड पर स्थित सामान्य पार्किंगों मे अपने वाहन पार्क करके डिक्रस्ट यूनिवर्सिटी मुरथल गेट नंबर-3 नजदीक / सामने सिपेट यूनिवर्सिटी से कार्यक्रम स्थल डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी मुरथल में पहुंचें।

**दिल्ली, राई, बहालगढ़ से शामिल होने वाले प्रतिभागी :** मुरथल चौक, राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से मुरथल सोनीपत रोड पर वाहन पार्क कर गेट नंबर तीन पर पहुंचे।
**गोहाना, मोहाना की तरफ से आने वाले प्रतिभागी :** गोहाना रोड बाईपास से कुराड़ बाईपास होते हुए मुरथल चौक, राष्ट्रीय राजमार्ग -44 से मुरथल सोनीपत रोड पर वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।
**खरखौदा की तरफ से आने वाले प्रतिभागी :** राष्ट्रीय राजमार्ग -334बी से बहालगढ़ होते हुए मुरथल चौक पर वाहन पार्क कर गेट नंबर तीन पर पहुंचे।

### सहयोग करें वाहन चालक

आमजन को जागरूक करने के लिए दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। दौड़ को सफलतापूर्वक करवाने के लिए लोगों से मदद की अपील की जाती है। वाहन चालक डायवर्ट रूट का इस्तेमाल करें। *-रविंद्र कुमार प्रवक्ता, सोनीपत पुलिस।*

## खबर संक्षेप



**सोनीपत।** अवैध खनन के काम में इस्तेमाल की जा रही ट्रैक्टर ट्राली।

### झुंडपुर में अवैध खनन पकड़ा ट्रैक्टर-ट्रॉली

**सोनीपत।** गांव झुंडपुर में अवैध खनन के कार्य में उपयोग की जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया है। विभाग को को सूचना मिली कि गांव झुंडपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा ट्रेक्टर-ट्राली से अवैध खनन किया जा रहा है, जिसके बाद थाना प्रबंधक राई, खान एवं भू विज्ञान विभाग की टीम द्वारा रेड करके रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्राली को गांव झुंडपुर से काबू किया गया। टीम द्वारा उक्त ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस थाना राई में जब्त कर दिया गया है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**सोनीपत।** एसएम हिन्दू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस वार्षिक कैंप का वीरवार को समापन हो गया। शिविर में 50 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने शिविर के आखिरी दिन शंभू दयाल मंदिर की सफाई की तथा भगवान शिव के दर्शन किए। सभी स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान किया। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या नताशा छाबड़ा ने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। एनएसएस अधिकारी राजीव कुमार ने अंत में सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट पढ़ी। समापन समारोह में विद्यालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

### दंपती से मारपीट कर बाइक छीनी

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर दिनदहाड़े एक दंपती के साथ मारपीट और लूटपाट की घटना सामने आई है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में शाहपुर तगा गांव के नरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी शिवानी के साथ अस्पताल जा रहे थे। उन्होंने ललित नामक व्यक्ति से बाइक ली थी।रास्ते में जीवन दीप अल्ट्रासाउंड के पास एक लाल रंग की होंडा सिटी कार में सवार चार नशे में धुत लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। आरोपितों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की, जबरन बाइक की चाबी छीनी और 20 हजार रुपये की मांग की। इसके बाद वे बाइक लेकर फरार हो गए। उनकी कार के शीशे पर फाइनेंस लिखा हुआ था। पुलिस मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टेहा, बड़ी और रोशनपुर को नगरपालिका में शामिल करने की योजना पर काम शुरू

- इन गांवों को नगरपालिका में शामिल करने के लिए आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर नगरपालिका की सीमा विस्तार की प्रक्रिया को प्रशासन ने गति दे दी है। शहर से सटे तीन गांव टेहा, बड़ी और रोशनपुर को नगरपालिका में शामिल करने की योजना बनाई गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग को निर्देश दिए हैं कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द सर्वेक्षण पूरा किया जाए। प्रशासन की योजना के तहत इन गांवों को नगरपालिका में शामिल करने के लिए आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी। उपायुक्त के निर्देशों के तहत खंड विकास एवं पंचायत विभाग ने तीनों गांवों के सरपंचों को पत्र भेजकर आवश्यक जानकारी मांगी है। इस प्रक्रिया के तहत इन गांवों के बुनियादी ढांचे, जनसंख्या, राजस्व और अन्य प्रशासनिक पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा।

**ये असर**

### ब्लाक समिति, जिला परिषद के वार्डों में बदलाव होगा

अगर ये गांव नगरपालिका क्षेत्र में शामिल होते हैं, तो नगरपालिका के साथ-साथ ब्लाक समिति और जिला पार्षद के वार्डों में भी बदलाव होगा। इसके अलावा, इस विस्तार से गन्नौर नगरपालिका को नगर परिषद का दर्जा मिल सकता है। इस संबंध में नगरपालिका सचिव नितिन वत्स ने बताया कि टेहा, बड़ी और रोशनपुर को नगरपालिका में जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**डीसी के निर्देश**

### पंचायत और सांख्यिकी विभाग जानकारी दें

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने इस संबंध में विभागों को निर्देश दिए गए हैं। गांवो को जोड़ने के लिए जनसंख्या, जमीन का रिकार्ड व ग्राम पंचायत का प्रस्ताव करना जरूरी है। इसके लिए खंड विकास एवं पंचायत विभाग, सांख्यिकी विभाग के माध्यम से जानकारी मांगी गई है। इसके बाद सर्वेक्षण करवाया जाएगा। सर्वेक्षण के बाद रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी।

# मिठाई की दुकान का शटर उखाड़ कर सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी स्थित धर्मशाला के अंदर मिठाई की दुकान का शटर उखाड़ कर सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बड़वासनी निवासी अजीत सिंह ने बताया कि उसने गांव स्थित धर्मशाला में मिठाई व चाय की दुकान कर रखी है। किसी ने गत 26 मार्च को दुकान का शटर उखाड़ कर अंदर से सामान चोरी कर लिया। सामान में चार किलो मिल्क केक, 22 बोतल रेडबुल, 35 डिब्बी सिगरेट सहित 1500 रुपये की राशि को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द चोरों का पता लगाएंगे।

# दूसरे दिन भी जारी रहा आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन का विरोध प्रदर्शन वीरवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। लघु सचिवालय के सामने जारी धरने की अध्यक्षता उषा ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव सोना देवी ने किया। श्रद्धानंद सोलंकी, सिल्क राम मलिक, आनंद शर्मा ने यूनियन की मांगों का समर्थन किया और कर्मचारियों को संबोधित भी किया। जिला सचिव सोना देवी ने बताया कि 11 मार्च को सैकड़ो की संख्या में वर्कर्स व हेल्पर्स ने अपना प्रदर्शन करते हुए 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पीओ के माध्यम से डायरेक्टर को भेजा गया था। आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स की मांगों की अनदेखी करने के कारण आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 26 से 28 मार्च का विरोध प्रदर्शन डीसी कार्यालय पर करने का आह्वान किया है। विभिन्न मांगों को लेकर वीरवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठी आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन के पदाधिकारी

### ग्राहक की जानकारी के बिना खाते से एक लाख हस्तांतरित, केस दर्ज

**खरखौदा।** सैदपुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के बैंक खाते से एक लाख रुपये की राशि निकल गई। एक माह बाद जब वह बैंक में पहुंचा तो उसे इसका पता चला, जिसके बाद उसने पैसों के ट्रांसफर होने को लेकर पूछताछ की और मामले की शिकायत पुलिस को दी। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। शमशेर का कहना है कि उसका गांव के ही एचडीएफसी बैंक की शाखा में खाता है। छह मार्च को वह बैंक में पहुंचा तो उसे पता चला कि उसके बैंक खाते से एक लाख रुपये की राशि ट्रांसफर हुई है। जानकारी मांगे जाने पर बैंक की तरफ से उसे बताया गया कि उसके खाते से दो बार निकासी हुई है, एक बार 28 हजार पांच सौ रुपये कटे हैं और दूसरी बार 71925 रुपये की निकासी हुई है। शमशेर का कहना है कि बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग के साथ ही उसके पैसे महिला कल्याण योजना में गए हैं, लेकिन उसकी जानकारी के बगैर उक्त ट्रांजेक्शन की गई है। जिस पर कार्रवाई की जाए।

# पानी निकासी नहीं होने से परेशान हैं ब्राह्मण मोहल्ला के लोग, गली बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

ब्रहामण दरवाजे के पास स्थित माता वाली गली के वार्डवासी गुरुवार को एसडीएस से मिले और बताया कि उक्त गली का तल मुख्य गली से काफी नीचा है। जिसके कारण पूरा साल निकासी की व्यवस्था चौपट रहती है। इसलिए इस गली को ऊंचा उठाया जाना जरूरी हो गया है। गली वासियों का कहना है कि गली को ऊंचा उठाए जाने पर सभी सहमत हैं। इसलिए इस गली को ऊंचा उठवाया जाए, ताकि समस्या का स्थाई समाधान हो सके। एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने संबंधित अधिकारी को गली को आवश्यतानुसार बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम से मिलने वालों में मोहल्ले के रमेश कुमार, गौरव, यशपाल, मुकेश, अनीता, मोनिका, गौरव, सुनीता, विजयलक्ष्मी आदि के नाम शामिल हैं।



**खरखौदा।** गली निर्माण हेतु एसडीएम से मुलाकात करते भुक्तभोगी।

# व्यर्थ पानी बहाया तो लगेगा पांच हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत न हो इसके लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सख्त हो गया है। अगर अब व्यर्थ में पानी बहाया तो खैर नहीं होगी और विभाग बिना कोई नोटिस जारी 5 हजार रुपये जुर्माना ठोक देगा। विभाग के शहरी बिलिंग इंचार्ज सुभाष भट्टी ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत बढ़ जाती है और परेशानी का सामना करना पड़ता है। गर्मी में पानी की किल्लत न हो इसके लिए विभाग की बिलिंग शाखा के कर्मचारी 1 अप्रैल से विशेष अभियान शुरू करके घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करेंगे। अगर इस दौरान कोई भी व्यक्ति व्यर्थ में पानी बहाते हुए पाया गया तो उस पर बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के टीम द्वारा मौके पर ही 5 हजार रुपये जुर्माना किया जाएगा। सुभाष भट्टी ने बताया कि इस संदर्भ में विभाग के उपमंडल अभियंता सुनील सैनी द्वारा सख्त आदेश जारी किए गए हैं।

### कनेक्शन नियमित करवाएं



बिलिंग इंचार्ज सुभाष भट्टी ने शहरी क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे पानी/सीवर कनेक्शनों को नियमित करवा लें तथा पानी को किसी भी सूरत में व्यर्थ न बहने दें। जो उपभोक्ता पानी/सीवर का बिल नहीं भर रहे है ऐसे लोगों से विभाग की टीम घर-घर जाकर बिल वसूल करेगी।

### गांव में 1000 बेटों पर 1486 बेटियां, बढ़ी जागरूकता

# लिंगानुपात में सर्वश्रेष्ठ गांव बना भिगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश सरकार की तरफ से लिंगानुपात में सुधार लाने को वर्ष 2002 से बेस्ट विलेज अवॉर्ड योजना चला रखी है। योजना के तहत लिंगानुपात में अव्वल रहने वाले गांव की उन छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है जो दसवीं कक्षा में टॉपर रही। तब से सबसे अधिक लिंगानुपात वाले गांव की चयन प्रक्रिया चल रही है। इस बार विभाग की तरफ से गांव भिगान को लिंगानुपात को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। जिससे प्रशासन की तरफ से सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा। बता दें कि लिंगानुपात में अव्वल आने वाले गांव की तीन बेटियों को स्वास्थ्य विभाग डेढ़ लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करेगा। गांव के सरकारी स्कूल में दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर रहने वाली बेटी को 75 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली बेटी को 45 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाली बेटी को 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। जनवरी से दिसंबर तक गांव के लिंगानुपात की जानकारी जुटाई जाती है। योजना के तहत 5000 से ज्यादा आबादी वाले गांवों की संस्थागत डिलिवरी 30 फीसदी होनी जरूरी है। वहीं गांव में दसवीं कक्षा का विद्यालय होना चाहिए।

### पिछली बार हलालपुर गांव टॉप पर रहा था

स्वास्थ्य विभाग ने इस बार जिले के गांव भिगान को लिंगानुपात में सर्वश्रेष्ठ गांव चुना है। 5000 से ज्यादा की जनसंख्या वाले इस गांव में वर्ष 2024 में 35 बेटों व 52 बेटियों ने जन्म लिया है।



### अवार्ड के लिए चयन



विभाग व सरकार की तरफ से गांव भिगान को बेस्ट विलेज अवार्ड के लिए चयन किया गया है। जल्द गांव के सरकारी स्कूल की 10वीं कक्षा में टॉपर रहने वाली तीन छात्राओं को नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में टीम अपना काम कर रही है। जिले की पीएनडीटी टीम ने दूसरे राज्यों में जाकर भ्रूण जांच करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की है। जिसके चलते जिले में लिंगानुपात में सुधार हुआ है। **-डॉ. ज्योत्सना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।**

# युवक की हत्या का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस की टीम ने चाकू से वार कर युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन निवासी भटगांव सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव भटगांव निवासी राज ने 21 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि देर शाम गांव का नवीन उसके घर पर आया। उसकी पत्नी को कहने लगा कि तुम्हारा बेटा उसके कहेअनुसार दुकान पर काम नहीं करता है। उसे धमकी देने लगा। उसके बेटे ने काम करने से मना किया तो चाकू निकाल लिया। नवीन ने उसके बेटे कुलदीप पर चाकू से हमला कर दिया। उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ियों के एसीएम चोरी करने के आरोपी दबोचे

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ियों के एसीएम चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बादल व सूरज निवासी आगरा यूपी के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### जीजा पर छुरी से वार कर किया घायल

**गोहाना।** शहर में सोनीपत रोड स्थित नई सब्जी मंडी के पीछे झुग्गियों में रह रहे साले ने जीजा पर छुरी से वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। साला शराब पीकर गाली-गलौज कर रहा था, जिसको समझाने पर हमला किया गया। शहर थाना गोहाना में बेटे की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। सोहिल ने पुलिस को बताया कि उनका परिवार कई वर्षों से नई सब्जी के पीछे झुग्गी में रह रहा है।

### जूता विक्रेता का फोन चुराया, मामला दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में जूते विक्रेता को बातों में उलझा कर ऑटो सवार युवक उसका मोबाइल फोन ले गए। जिसे बाद फोन पे से उसके खाते से 77 हजार रुपये की राशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर ली। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये हड़पे, केस

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरस्वती विहार दिल्ली निवासी अमित ने बताया कि वह हाई-पैक फिल्म्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उन्होंने वर्ष 2006 में एक कंपनी से 350 वर्ग गज का प्लॉट खरीदने को सौदा किया था।

### गोदाम से सामान चोरी, मामला दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राठधना रोड स्थित एक गोदाम से चोर इन्वर्टर और ई-रिक्शा बैट्री बनाने की मशीन और अन्य सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। गोदाम संचालक ने अपने स्तर पर सामान की तलाश की, तो चोरी किया हुआ सामान कबाड़ी के पास मिला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नशे के खिलाफ मैराथन का आयोजन तीस को

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 30 मार्च को खेल अपनाये नशा भगाएं और रन फॉर स्पोर्टस रन अगेंस्ट ड्रग्स थीम पर दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में सोनीपत हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे।

### स्टेशन के मुख्य गेट पर मिला युवक का शव

सोनीपत। सोनीपत रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर युवक को शव संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ मिला। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मृतक की तलाश के प्रयास कर रही है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग में आयोजित सात दिवसीय शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नितिका ने की और मुख्य अतिथि अतिथि विवि की एनएसएस की समन्वयक डा. बबिता ने शिरकत की।

## चेयरमैन द्वारा काम रुकवाए जाने से दुकानदार व वार्ड वासी परेशान

# दुकानदारी प्रभावित होने के चलते महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

### गली की नालियों में प्लास्टिक पाइप बिछाए जाने का काम शुरू किया था

कॉलेज छात्राओं व दिल्ली चौक बाजार से आने जाने वालों को काफी दिक्कतें पेश आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर के वार्ड 11 की गली का मुख्य बाजार से जुड़ाव होने के कारण महिलाओं के मतलब के सामान की बहुत सी दुकानें हैं। गली में नालियों को प्लास्टिक पाइप बिछाए जाने का काम शुरू किया था। एक मौखिक शिकायत पर चेयरमैन ने ठेकेदार को काम रोकने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद से काम रुका है। अप्रत्याशित रूप से काम रुकने से गली में गंदगी फैल गई है। मलबे का उठान भी रुका हुआ है। स्कूल जाने वाली एक बच्ची गिरने से उसके पांव में फ्रेक्चर हो गया है। कई दुकानों के आगे गड्ढे होने के कारण दुकानदारी प्रभावित हो रही है। महिला दुकानदारों का कहना है कि चेयरमैन द्वारा काम रूकवाए जाने से दुकानदार व वार्ड वासी परेशान हैं। कॉलेज छात्राओं व दिल्ली चौक बाजार से आने जाने वालों को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं।पाइप को लेकर उठ रहे सवालःमहिलाओं का कहना है कि आधे शहर में पाइप लाइन दब चुके हैं, अब पाइप की क्वालिटी पर संदेह किया जा रहा है। बिना जांच के बाजार की मुख्य गली में काम रुकवाए जाने से परेशानी बढ़ रही है। मलबा भी उठाने से रोका गया है, इसका मतलब क्या है जानबूझकर परेशान करने की कोशिश की जा रही है। इस संदर्भ में दुकानदार सीएम नायब सैनी को शिकायत करेंगी। कमीशन को लेकर चर्चाः काम रूकवाने के पीछे कमीशन को लेकर शहर में चर्चा जोर पकड़ रही है। चर्चा ये भी है कि चेयरमैन हीरालाल का एक समर्थक अपनी दुकान अथवा फैक्टरी से पाइप खरीदवाना चाहता है, जिसके चलते ये पूरा षड़यंत्र रचा जा रहा है। जबकि टैंडर पहले हो चुके हैं। हालांकि चेयरमैन हीरालाल ने इस तरह की सभी चर्चाओं को सिरे से खारिज करते कहा है कि शिकायत आई थी, जिसके आधार पर अस्थाई रूप से काम रोकने के निर्देश दिए थे।


खरखौदा। रोष प्रदर्शन करते दुकानदार व पार्षद। फोटो :हरिभूमि

### नहीं आने दी जाएगी परेशानी

प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मलबा तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। काम दोबारा से शुरू करवाया जाए। अगर निम्न सामग्री या घटिया पाइप प्रयोग होंगे तो उनकी पेमेंट रोकी जाएगी। जो टेंडर हैं, उनके मुताबिक काम होना चाहिए। - *पवन खरखौदा, एमएलए खरखौदा।*


सोनीपत। विधायक कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी।

### सफाई कर्मचारियों का धरना

**सोनीपत।** सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों ने सोनीपत के विधायक के कार्यालय के बाहर 4 दिन से लगातार धरना दिया जा रहा है। धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की और संचालन उपप्रधान दीपक ने किया। ठेका सफाई कर्मचारियों ने बताया कि कई कर्मचारियों को पिछले 12 महीने से बदले की भावना से नौकरी से निकाल रखा है। ठेका सफाई कर्मचारियों ने अपने बकाया करोड़ों रुपए के एरियर पर आवाज उठाई थी। 5 साल के एरियर की नगर निगम सोनीपत पीसीसी कंपनी की हरियाणा सरकार द्वारा जांच कराई जाए। शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों को ना समय पर सफाई करने के लिए औजार दिए जा रहे और ना समय वेतन दिया जाता है। 12 महीने से लगातार विधायक के संज्ञान में मामला था, विधायक द्वारा लगातार आश्वासन पर आश्वासन दिए जा रहे हैं।मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। कई बार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आवास के बाहर भी आंदोलन किया फिर भी न्याय नहीं मिलाऔर अब विधायक के कार्यालय के बाहर आंदोलन शुरू किया है। धरने पर सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हटे हुए कर्मचारियों को वेतन सहित काम पर लिया जाए, सफाई कर्मचारियों को न्याय दिलाया जाए, भ्रष्टाचार मुक्त का नारा देने वाली भाजपा सरकार को पीसीसी कंपनी की जांच करानी चाहिये।

## गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपी काबू

- पुलिस ने आरोपित को अदालत में किया पेश, दो दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शक्ति उर्फ सक्कू निवासी मल्हा माजरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गांव मल्हा माजरा निवासी दीपक ने गत 24 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गांव स्थित राजकीय स्कूल के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला शक्ति अपनी कार लेकर वहां आया। शक्ति और उसके भाई में कहासुनी हो गई। इसके बाद शक्ति ने नीरज को जान से मारने की नीयत से कार से टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से स्कूल का दरवाजा और दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार की टक्कर लगने से नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसके भाई दीपक उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने के चलते रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। उप निरीक्षक जितेंद्र की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव भठगांव डूगरांन स्थित किसान के खेत में बने कमरे से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। किसा ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव रतनगढ़ निवासी अजय ने बताया कि उसके खेत गांव भठगांव डूगरांन में है। उसने खेत में कमरा बना रखा है। जिसमें खेती व ट्यूबवेल से संबंधित सामान रखा हुआ है। किसी ने गत रात को कमरे की दीवार तोड़कर जरूरी सामान चोरी कर लिया। जिसमें इनवर्टर एवं बैटरी, कॉपर वायर, वाल्व दो मोटर के स्टार्टर, सहित अन्य सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पीड़ित ने बताया कि क्षेत्र में चोरों का आतंक बना हुआ है। खेतों से चोर उपकरण चोरी कर लेते है। उसके खेत में दूसरी बार चोरी की घटना हुई है। वहीं गांव के अन्य किसानों के खेतों से भी खेती से संबंधित उपकरण चोरी हो चुके है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सदर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हरियाणा कैमिस्ट एसोसिएशन के नवनियुक्त संगठन सचिव सम्मानित

- गोधाम समिति व आहुति ने प्रदीप को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नई अनाज मंडी में श्री नंदलाला गोधाम समिति ठसका व आहुति संस्था गोहाना द्वारा सयुक्त रूप से हरियाणा कैमिस्ट एसोसिएशन के नवनियुक्त संगठन सचिव प्रदीप चहल को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह की संयुक्त अध्यक्षता गोशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता व आहुति संस्था के अध्यक्ष गुलशन बजाज ने की। समारोह में गोशाला समिति से सदस्य सुमेर जैन, पंकज गोयल, प्रमोद गुप्ता, विकास जैन व ब्रजमोहन, आहुति की टीम में संयोजक सुरेंद्र विश्वास, मनोज दुरेजा, सन्नी निरंकारी, शैलेंद्र, बंटी हंस व बंटी निरंकारी, गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन से रमेश अरोड़ा, अशोक शर्मा, सुरेश परुथी व दीपक अरोड़ा के अलावा गोहाना अनाजमंडी एसो. के अध्यक्ष श्याम लाल शर्मा उपस्थित रहे।


नवनियुक्त प्रदेश संगठन सचिव प्रदीप चहल को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए।

## अधिकारियों से मिली भगत कर छोड़ा पानी

- राजपुरा माइनर की सफाई में कोताही : नहीं की रेलवे व सड़क क्रॉसिंग ब्रिज के नीचे सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पश्चिम यमुना लिंक नहर से निकलने वाली राजपुरा माइनर में जल्दबाजी में सफाई कर अधिकारियों पर पानी छोड़ने का आरोप लगाया है। किसानों का आरोप है कि माइनर की सफाई करने वाले ठेकेदार द्वारा साइड की पटरी की सफाई के बाद पूरी तरह से माइनर से मिट्टी को नहीं निकला गया और ना ही रेलवे व सड़क की क्रॉसिंग के लिए बनाए गए पुलो के नीचे से माइनर में सफाई कराई गई। किसान जय भगवान, महेंद्र ,रणबीर ,विकास ने बताया कि रेलवे वह सड़क क्रॉसिंग के लिए बने पुलों के नीचे से मजदूर द्वारा सफाई हो सकती थी। लेकिन ठेकेदार ने वहां तक सफाई की है जहां तक मशीन कर सकती थी, उसके बाद जल्दबाजी में पानी भी छोड़ दिया है उनका कहना कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है । पहले भी और हुआ है लेकिन विभाग के अधिकारी इस तरह बिल्कुल ध्यान नहीं देते। और कई बार माइनर टूटने के कगार पर पहुंच जाती है। किसान करतार ने बताया कि पिछली बार विजय माइनर की सफाई की थी तो पुलों के नीचे सफाई न होने के कारण पानी माइनर की पुत्री से उतरने लगा था जब किसानों ने विभाग के अधिकारियों को सूचना दी और माइनर के पानी को कम करवाया । किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी अगर गंभीरता से कार्य करवाए तो माइनर की बेहतर ढंग से सफाई होगी।


गन्नौर। सफाई के बाद राजपुरा माइनर में बहता हुआ पानी । फोटो :हरिभूमि

### लापरवाही सहन नहीं

माइनर की सफाई को लेकर गन्नौर के एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि माइनर की सफाई का मामला उनके संज्ञान में नहीं है और ना ही अभी तक शिकायत मिली है इसके बावजूद भी जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी ।


खरखौदा। बीडीपीओ आस्था गर्ग के सामने अपनी समस्या रखते ग्रामीण।

### समस्या के समाधान का आश्वासन

**खरखौदा।** पहलादपुर गांव के ग्राम वासी जिसमें महिलाएं भी शामिल थी, एकत्रित होकर खरखौदा समाधान शिविर में पहुंचे। जिन्होंने बताया कि उनके मकानों की मरम्मत होनी है। जिसके लिए किस्त आनी थी। लेकिन अब सर्वे में हेराफेरी करके कुछ मकानों को सूची से हटा दिया गया है। समाधान शिविर में जब शिकायत दी गई उस समय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग मौके पर ही मौजूद थी। उन्होंने तत्काल संबंधित सचिव से डेटा मंगवाया। जिससे स्पष्ट हुआ कि शिकायतकर्ताओं में से कइयों के नाम सूची में दर्ज हैं, उनके बैंक खाते केवाईसी न होने के कारण उनकी किश्त रूकी हुई है। जबकि 5 ग्रामीणों के मकान पक्के बने हुए दर्शाए गए हैं। उनका दोबारा से सर्वे कराया जाएगा। जिनके खातों में दिक्कत होने के कारण किश्त रोकी गई है।

## नप चेयरपर्सन ने सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नगर परिषद (नप) द्वारा शहर में ड्रेन संख्या 8 के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया गया है। शौचालय निर्माण पर 15 लाख रुपये खर्च हुए हैं। गुरुवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने रिबन काटकर शौचालय का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पार्षद भगवती सुनील राजपाल ने की। रजनी विरमानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन के तहत नप द्वारा शहर में सार्वजनिक शौचालय बनवाए गए हैं। शौचालयों के निर्माण से शहरवासियों को स्वच्छ और सुविधाजनक शौचालय सुविधा प्रदान होगी जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा। नप चेयरपर्सन ने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य स्वस्थ, स्वच्छ और विकसित भारत का निर्माण करना है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए नगर परिषद निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस पहल से स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप मिला है।


सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण करते हुए नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी।



खरखौदा। छात्र को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### चित्रकला में कुनाल द्वितीय

**खरखौदा।** शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जिला स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें खरखौदा राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय के 5 वीं कक्षा के छात्र कुनाल ने हिस्सा लिया था। उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले में स्कूल व खरखौदा खंड का नाम रोशन किया है। इस मौके पर प्रिंसीपल नीलम दलाल व मुख्य अध्यापिका नीरज व कक्षा प्रभारी अंजू का विशेष योगदान है। इस मौके पर प्रिंसीपल नीलम दलाल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण हो रही है और छात्रों के चहुंमुखी विकास पर जोर दिया जा रहा है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ छात्रों को मिल रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों के दाखिले सरकारी स्कूलों में करवाएं।


सोनीपत। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सुरेंद्र दहिया का स्वागत करते प्राचार्य।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**सोनीपत।** छोटूराम आर्य महाविद्यालय में डायरेक्टर जनरल हायर एजुकेशन पंचकूला द्वारा अनुमोदित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हिंदी विभाग व साहित्यिक समिति के द्वारा किया गया। जिसका विषय साहित्य में पौराणिक कथाएं: प्राचीन कहानियां हमारे दृष्टिकोण को आकार देती हैं रखा गया। संगोष्ठी में देश भर के अलग-अलग राज्यों से लगभग 200 प्रतिभाशाली बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह दहिया (प्रधान टीकाराम एजुकेशन सोसायटी सोनीपत) रहे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. डॉ. विकास शर्मा (गद्य व कथा लेखक, अंग्रेजी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, उत्तर प्रदेश) ने शिरकत की। अतिथियों का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह दहिया व मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. विकास शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर साहित्यिक राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

## परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

# प्रताप स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप स्कूल खरखौदा की कक्षा नर्सरी से नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में हवन करने के उपरांत परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय द्वारा आयोजित एक समारोह में, परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, उपप्राचार्य नरेश कुमार, पूजा दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या दया दहिया ने कहा, उन्हें गर्व है कि विद्यार्थियों ने इस साल भी कड़ी मेहनत और समर्पण से परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता की नई ऊँचाईयों को छुएंगे। समारोह के दौरान अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। नर्सरी कक्षा में 13 विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, 3 विद्यार्थियों ने द्वितीय, 1 ने तृतीय व 2 विद्यार्थियों ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा केजी में 20 विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, 4 ने द्वितीय, 4 ने तृतीय तथा 2 विद्यार्थी ने चतुर्थ स्थान, यूकेजी कक्षा में 25 विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, 7 ने द्वितीय, 4 ने तृतीय व 2 विद्यार्थियों ने चतुर्थ स्थान, कक्षा प्रथम से 9 विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, 4 ने द्वितीय, 4 ने तृतीय व 2 विद्यार्थियों ने चतुर्थ स्थान, 2 विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों ने चतुर्थ स्थान, द्वितीय कक्षा में 3 विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, 4 ने द्वितीय, 9 ने तृतीय व 2 ने चतुर्थ स्थान, तीसरी कक्षा में 1 विद्यार्थी ने शत प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, 1 ने द्वितीय, 1 ने तृतीय व 3 ने चतुर्थ स्थान,कक्षा चौथी में 2 विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, 2 ने द्वितीय, 2 ने तृतीय व 1 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा पाँचवीं में 1 विद्यार्थी ने शत प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, 3 ने द्वितीय, 1 ने तृतीय व 1 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।



खरखौदा। विद्यार्थी को पुरस्कृत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन।

## खबर संक्षेप

### इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डालकर बताई समस्या

**गन्नौर** । गांव गुमड में दूषित पानी की निकासी न होने से समस्या बनी हुई है। ग्रामीण व किसान कई बार प्रशासन व अधिकारियों को गुहार लगा चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही। किसान नेता विरेंद्र पहल ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डाल मुख्यमंत्री से इस समस्या के समाधान की मांग की है। विरेंद्र पहल ने बताया कि घरों से निकलने वाले दूषित पानी के लिए गलियों में नालियां नही है। जिस वजह से दूषित पानी गलियो में भरा रहता है। दूषित पानी जमा होने से और समय पर सफाई न होने की वजह से गलियों में घास तक उग गई है। अब उन्होंने मुख्यमंत्री को एक्स के मध्यम से ट्वीट कर इस समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### भांग के पौधे नष्ट करने के लिए चलाएं अभियान

**सोनीपत**। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित जमीन पर उगे भांग के पौधों को उखाड़ने व नष्ट करने के लिए 29 मार्च को विशेष अभियान चलाएगा, ताकि नशे के रूप में प्रयोग होने वाले भांग के पौधों का नष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान के बाद सभी विभागाध्यक्ष प्रमाण पत्र देंगे कि उनकी जमीन पर कहीं भी भांग का पौधा मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों ने जताई थी अंदर फंसे होने की आशंका

# लापता श्रमिक की तलाश जारी अभी तक नहीं मिला कोई सुराग

■ अब पुलिस श्रमिक को तलाश करने के लिए चलाएगी अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रिंटिंग पैकेजिंग की फैक्टरी में आग के बाद से लापता श्रमिक की तलाश जारी है। वीरवार को भी टीम जांच में जुटी रही। परिजनों ने श्रमिक के अंदर ही फंसे होने की आशंका जताई थी। जिस पर स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम को बुलाकर उसकी तलाश कराई गई। तीसरे दिन भी श्रमिक का सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद शाम को टीम लौट गई। अब पुलिस श्रमिक की तलाश को अभियान चलाएगी।

राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लॉट नंबर 1329 में मल्टीलेयर पैकेजिंग के नाम से प्रिंटिंग पैकेजिंग फैक्टरी में मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे आग लग गई थी। आग लगी देख श्रमिक बाहर भाग निकले थे। फैक्टरी के अंदर रखे थिनर व केमिकल के ड्रम बम की तरफ फटने लगे थे। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की राई, सोनीपत, कुंडली, दिल्ली के नरेला व बवाना, पानीपत से 16 गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। आग पर अग्निशमन की टीमों ने काबू पा लिया था। अभी भी एक दो स्थान पर पॉलिथीन के बंडल में आग सुलग जाती है। जिसे शांत करने के लिए गाड़ी मौके पर मौजूद है। बुधवार को मूलरूप से बिहार निवासी श्रमिक अर्जुन के परिजनों फैक्टरी में पहुंचकर श्रमिक के लापता होने की जानकारी दी थी। पिता तुलसी साहा ने बताया था कि उनका बेटा अर्जुन आठ साल से फैक्टरी में काम कर रहा था। उन्होंने आशंका जताई थी कि वह आग में अंदर ही फंस गया था। उसकी तलाश कराई जाए। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया था। 11 सदस्यीय टीम ने रात आठ बजे तक तलाशी अभियान को रोक दिया था। वीरवार सुबह फिर से तलाशी अभियान चलाया गया है। यहां तक की लापता श्रमिक के परिजनों को भी अंदर ले जाकर तलाशी अभियान दिखाया था। शाम तक श्रमिक के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी। जिसके बाद टीम लौट गई। अब शुक्रवार को पुलिस तलाशी अभियान चलाएगी।



■ स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम लौटी

**प्रशासन ने** स्वांस उपकरण लेकर टीम गई है अंदर

आग को शांत कर दिया गया है। लापता श्रमिक की तलाशी को दिनभर अभियान चलाया गया। स्वांस उपकरण लेकर टीम अंदर गई और गहनता से जांच की। हालांकि कोई सुराग नहीं लग सका।

-**सुमित लोहचब,** उप दमकल अधिकारी

#### ढांचा गिरने का डर

चार मंजिला फैक्टरी का ढांचा जर्जर हो चुका है। ऐसे में उसके गिरने का भय बना हुआ है। जिसके चलते अंदर तलाशी अभियान चलाने के दौरान सर्तकता बरती जा रही है। फैक्टरी का पूरा भवन आग की चपेट में आ गया था।



**गन्नौर**। राजकीय स्कूल की छात्राएं डाइंग प्रोसेसिंग कंपनी में प्रोसेसिंग की जानकारी लेते हुए । फोटो : हरिभूमि

## छात्रों ने धागा बनाने व रंगने की प्रक्रिया की जानकारी ली

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी की छात्राओं ने कंपनी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्रिंस डाईंग प्रोसेसिंग कंपनी का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी की छात्राओं ने कंपनी का दौरा कर वेस्ट कपड़े से धागा बनाने और धागे से कपड़ा बनाने की प्रक्रिया की जानकारी ली । कंपनी के एमडी हरीश व अन्य कर्मचारियों ने छात्रों को कंपनी में धागा बनाने और रंगने की प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाया। कंपनी के एम डी हरीश ने बताया कि वातावरण को दूषित करने वाली वेस्ट से बने फाइबर को इस्तेमाल कर धागा बनाया गया और फिर कपड़ा तैयार किया गया। वेस्ट से धागा तैयार करने की इस पहल की छात्रों ने सराहना की।

कंपनी के एम डी हरीश ने बताया कि एक बार रेशों को धागों में तब्दील करने के बाद हम इनसे कपड़े बनाने को तैयार हैं। इसके कई तरीके हैं जैसे बुनाई, गूंथना या जमाना। बुनाई में धागे चेसबोर्ड पैटर्न की तरह एक दूसरे के ऊपर से गुजरते हैं जबकि 'नीटिंग' (बुनाई)में फंदा बनाक, एक फंदे को दूसरे के भीतर से निकाला जाता है।

ऊन के रेशों का नमदा बनाया जाता है।बुनाई और नमदा बनाने की प्रक्रिया बहुत धीमी होगी अगर उन्हें हाथ से किया जाए। इसलिए इन दिनों मशीनों का प्रयोग किया जाता है। एमडी हरीश ने बताया कि रेशों से कताई कर लंबे धागों में तब्दील कर अगले चरण में हमने उनकी बुनाई की या रेशों को जमाया और सस्किया, इस तरह हम कपड़े बना सकते हैं। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक विक्रम, राजेश, प्रवीण आदि मौजूद थे ।

# परिचालक बोले- बैटरी दे रही है जवाब पुराने ढर्रे पर लौटना मजबूरी है साहब!



#### सोनीपत बस अड्डे में यह है स्थिति

| | |
|---|---|
| रोडवेज बसों की संख्या | 90 |
| किलोमीटर योजना की बसें | 42 |
| ई-बसें | 05 |
| ई-टिकटिंग मशीनें | 138 |
| चालू ई-टिकटिंग मशीनें | 126 |
| खराब ई-टिकटिंग मशीनें | 05 |
| ठीक करवाने मुख्यालय भेजी गई मशीनें | 07 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एक ओर तो सरकार तकनीक को सहारा बनाते हुए हर काम में लगने वाले समय को कम करने को आतुर हैं। वहीं दूसरी ओर समय के साथ बदलाव ना होने की वजह से कई बार तकनीक परेशानी का कारण भी बन जाती हैं। ऐसा मौजूदा समय में हरियाणा रोडवेज के परिचालकों के साथ हो रहा है। असल में रोडवेज बसों में मैनुअल टिकट काटने में लगने वाले अधिक समय व परेशानी को देखते हुए ई-टिकटिंग प्रणाली शुरू की गई थी।

अब ये समय बचाने के लिये शुरू की गई यह प्रणाली खुद समय बर्बाद कर रही है। ई-टिकटिंग मशीनों की बैटरी पुरानी हो चुकी हैं, जिससे यह महज तीन या चार घंटे में ही डाउन हो जाती है। ऐसे में परिचालकों को इन्हें दोबारा चार्ज करना पड़ता है और यात्रियों को मैनुअल टिकट देकर काम चलाना पड़ता है। रिचालकों का कहना है कि ई-टिकटिंग मशीनें करीब तीन साल पुरानी हो चुकी हैं, जिससे इनका बैकअप कम हो गया है। यही कारण है कि तीन या चार घंटे में ही मशीनों की बैटरी खत्म हो रही है। परिचालकों ने इन मशीनों की नई बैटरी लगवाने की मांग की है, जिससे परिचालकों के सामने टिकट काटने में आने वाली परेशानी को दूर किया जा सके। परिचालकों का कहना है कि कई बार टिकट बनाते समय अचानक मशीनें बंद हो जाती हैं, जिससे यात्रियों व परिचालकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि परिचालकों के सामने आने वाली परेशानी के बारे में मुख्यालय अवगत करा दिया गया है, उम्मीद है कि जल्द समाधान हो जाएगा।

परिचालकों ने बताया कि एक मशीन तीन घंटे ही चल पाती है। जिसके कारण तीन बार मशीन को चार्ज करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या ये भी है कि मशीन का चार्जर साथ लेकर चलना पड़ता है। लंबे रूट वाले परिचालकों को अलग अलग बस अड्डों पर ही चार्जिंग लगानी पड़ रही है। जिसकी वजह से कई बार अन्य जरूरी कामों में भी रुकावट आती है।

#### कम हो गया है बैकअप

रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। ई-टिकटिंग मशीनों का बैकअप कम हो गया है, जिससे तीन से चार घंटे में ही बैट्री चार्जिंग मांग रही है। समस्या का जल्द समाधान करवाया जाएगा।

-**संजय, महाप्रबंधक,** रोडवेज डिपो, सोनीपत



## ब्राइट स्कॉलर में हवन से नए सत्र का शुभारंभ

**सोनीपत**। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वीरवार को नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत हवन यज्ञ से हुई। इस मौके पर स्कूल प्राचार्या डॉ. किरण दलाल, स्कूल ऐकडेमिक डायरेक्टर सीएम विज यज्ञमान के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय स्टाफ व स्कूल विद्यार्थियों के साथ पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ सम्पन्न करवाया। डॉ. किरण दलाल ने बताया कि हिंदू संस्कृति के अनुसार कोई भी शुभ कार्य करने से पहले हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इसी वजह से स्कूल में हवन यज्ञ करवाया गया, ताकि बच्चों अपनी संस्कृति से जुड़े रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और अधिक मेहनत कर स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पहले 50 रक्तदाताओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया जाएगा

■ शिव नगर में छठा विशाल रक्तदान शिविर 1 अप्रैल को

■ कांग्रेस नेत्री कमला भावड़ का परिवार करवाएगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग स्थित शहर के शिव नगर की धर्मशाला में 1 अप्रैल को छठा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। हर वर्ष की तरह इस यह शिविर जिला परिषद की पूर्व चेयरपर्सन व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कमला भावड़ के परिवार द्वारा आयोजित किया जाएगा। शिविर के लिए संयोजन कमला भावड़ के पोते कंवर भावड़ का रहेगा। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सोनीपत लोकसभा के पूर्व सांसद जितेंद्र मलिक होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शैक्षणिक खंड मुंडलाना के खंड शिक्षा अधिकारी बंसत कुमार ढिल्लों और कैमिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश सचिव प्रदीप चहल शिरकत करेंगे। शिविर की अध्यक्षता कांग्रेस नेत्री कमला भावड़ के पुत्र जगदीश भावड़ करेंगे।

कमला भावड़ के पोते कंवर भावड़ के अनुसार शिविर में पहले 50 रक्तदाताओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से रक्तदान शिविर में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए आह्वान किया है।

## लखीराम मेमोरियल स्कूल ने वार्षिक परीक्षा का परिणाम किया घोषित, नया सत्र हवन से शुरू

**खरखौदा**। लखीराम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल हलालपुर ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया और यज्ञ हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बच्चों के उत्तीर्ण होने पर उनको बधाई दी और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। नए शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों और अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यार्थियों को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए और साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सभी अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे।



## वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया



**गन्नौर**। गांधी नगर स्थित वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। मुख्यातिथि पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा और बीएसपी कंपनी से कपीश व मांगेराम ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम अध्यक्ष भारत विकास परिषद व ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य योगेश कौशिक ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्ले स्कूल के शैक्षणिक स्तर की प्रशंसा की और स्टाफ को बधाई दी। भावना अब्रॉल ने अतिथियों को समृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## सेना में विभिन्न पदों के लिए 132 युवाओं ने करवाया पंजीकरण

**सोनीपत**। अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत सेना में भर्ती होने के लिए आईटीआई के युवाओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। सेना में भर्ती होने और देश की सेवा करने के लिए युवाओं को जागरूक करने और उनका पंजीकरण करवाने के लिए सेना भर्ती कार्यालय के रोहतक सेंटर से एआरओ नरेन्द्र कुमार आईटीआई सोनीपत में पहुंचे, जहां उन्होंने 132 आईटीआई अभ्यार्थियों का पंजीकरण करवाया। इन अभ्यार्थियों में 95 छात्र तथा 37 छात्राएं शामिल रही।

एआरओ नरेन्द्र कुमार ने बताया कि सेना में भर्ती होना एक गर्व की बात है ये मौके हर किसी को नहीं मिलता इसलिए किसी भी युवा को यह मौका नहीं गवाना चाहिए और देश की सेवा करने के लिए सेना में अवश्य जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम अपने वीर जवानों की बदौलत ही आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं क्योंकि हमारे देश के जवान ही दिन-रात बोर्डर पर ड्यूटी कर हमारी व हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाने के लिए सभी युवाओं से अपील की।

### प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां दूर करने, स्वामित्व योजना को सिरे चढ़ाने के निर्देश

# मेयर ने अधिकारियों व पार्षदों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कार्यभार संभालने के बाद चार घंटे से ज्यादा समय तक चली निगम अधिकारियों एवं निगम पार्षदों की पहली समीक्षा बैठक में प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां दूर करने के लिए वार्डों में कैम्प लगाने, स्वामित्व योजना को तेजी से सिरे चढाने तथा विकास कार्यों को तय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए एवं निगम के सभी पार्षदों से नगर के सुधार हेतु सुझाव मांगे गए।

बैठक की अध्यक्षता निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने की। राजीव जैन ने स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए नालियों तथा गलियों की साफ सफाई, सार्वजानिक शौचालयों का रख रखाव, स्वच्छता के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने, सड़क किनारे पड़ी मिटटी को उठाने की मशीन खरीदने, गढ़े भरने की मशीन लाने, घर घर कूड़ा उठाने की योजना में पारदर्शिता लाने, गली मोहल्लों अनुसार सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर जवाबदेही तय करने की योजना बनाने पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा की शहर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता अभियान जल्द ही शुरू किये जायेंगे। मेयर राजीव जैन ने सभी पार्क, सामुदायिक केंद्र तथा चौकों का रखरखाव रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन तथा सामाजिक संस्थानों को सौंपने, पांडव द्वार के निर्माण में तेजी लाने तथा सड़कों के किनारे सुंदर बनाने पर जोर दिया। उन्होने निगम एरिया में आने वाले गांवों में जोहड़ों की सफाई करवाने, हर गांव में सामुदायिक केंद्र एवं पार्क बनवाने, सभी वार्डों में सीवर सफाई एवं मरम्मत के कार्यों के लिए 10-10 लाख रूपये के टेंडर लगाने के निर्देश दिए। राजीव जैन ने ड्रेन नंबर 6 को कवर करने, ककरोई रोड के पेयजल शोधन संयत्र, सीवेरज शोधन सयंत्र, ऑडिटोरियम के निर्माण, लहराड़ा मिनी बाईपास, अमृत योजना दो के एस्टीमेट तैयार करने, आवारा कुत्तों की नसबंदी, आवारा पशुओं के लिए एक नया बाड़ा बनाने, बंदरों को पकड़ने का टेंडर लगाने तथा वार्डों में सीनियर सिटिज़न क्लब बनाने के बारे में चर्चा की।



**सोनीपत**। पार्षद एवं अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मेयर राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि